Title: Regarding payment of compensation to farmers for their land having landmines in border areas of Jammu Parliamentary Constituency.

श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू): मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र जम्मू के नजदीक उन सीमावर्ती स्थानों की और ले जाना चाहता हूँ, जहाँ पर कारगिल युद्ध के दौरान उपजाऊ जमीन पर माइंस लगाये गए थे परन्तु 23 साल बीतने के बाद भी आज भी वहां पर माइंस बिछी हुई हैं जिसके कारण कोई भी किसान खेती की तो दूर की बात वहां पर जा भी नहीं सकते है। उन किसानों का क्या गुनाह हैं कि उन्हे आज तक उस जमीन का कोई मुआवजा भी नहीं मिला है। उन किसानो का एकमात्र साधन खेती ही था अब वो किसान अपने परिवार का भरण पोषण भी नहीं कर पर रहे हैं। उनकी भुखमरी की नौबत आ गयी है उस जमीन पर खेती करने वाले किसान बेरोजगार हो गए हैं। मैं सरकार से विनती करना चाहता हूँ कि उन किसानो को जिनकी जमीन में माइंस लगे हुए है उन किसानो को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाये और उनकी जमीन पर लगे माइंस को निकाला जाय ताकि वहां के किसान उस बंजर भूमि को उपयोग में ला सकें ।